# साहित्य अकादमी पुरस्कार 2024

**स्रोत: पी.आई.बी**

साहित्य अकादमी पुरस्कार **2024 के लिये 22 विजेताओं** की घोषणा की गई है, **बंगाली और उर्दू पुरस्कारों** की घोषणा जल्द ही की जाएगी, जिससे कुल विजेताओं की संख्या **24** हो गई है।

- **परिचय:** साहित्य अकादमी पुरस्कार **उपन्यास, कविता, निबंध** और **नाटक** जैसी श्रेणियों में असाधारण **साहित्यिक योगदान** को सम्मानित करते है।
  - यह ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत का **दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान** है।
  - इसकी स्थापना **वर्ष 1954 में संस्कृति मंत्रालय** के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी।
- **पात्रता: पुरस्कार श्रेणियों** में आठवीं अनुसूची की **22 भाषाओं** के साथ-साथ **अंग्रेज़ी** और **राजस्थानी (कुल: 24 भाषाएँ)** तथा भारतीय साहित्यिक कृतियों के **अनुवाद** शामिल हैं।
  - लेखक **भारतीय नागरिक** होना चाहिये।

**प्राप्तकर्त्ता**

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2024

| भाषा | पुस्तक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| असमिया | फरिंगबोर बटोर कथा जने (कविता) | समीर तांती |
| बोडो | सोराने थखाय (उपन्यास) | अरन राजा |
| अंग्रेज़ी | स्पिरिट नाइट्स (उपन्यास) | ईस्टरिन किरे |
| गुजराती | भगवान–नी वातो (कविता) | दिलीप झावेरी |
| हिंदी | मैं जब तक आयी बाहर (कविता) | गगन गिल |
| कन्नड | नुडिगाला अलिवु (आलोचना) | के.वी. नारायण |
| कश्मीरी | साइकेट्रिक वार्ड (उपन्यास) | सोहन कौल |
| कोंकणी | रंगतरंग (निबंध) | मुकेश थली |
| मैथिली | प्रबन्ध संग्रह (निबंध) | महेन्द्र मलंगिया |
| मलयाळम् | पिंगलकेशिनी (कविता) | के. जयकुमार |
| मणिपुरी | मैनू बोरा नुंग्शी शिरोल (कविता) | हाओबम सत्यबती देवी |
| मराठी | विंदांचे गद्यरूप (आलोचना) | सुधीर रसाल |
| नेपाली | छिचिमिरा (कहानी) | युवा बराल |
| ओड़िआ | भूति भक्ति बिभूति (निबंध) | बैष्णब चरण सामल |
| पंजाबी | सुन गुणवंता सुन बुद्धिवंता : इतिहासनामा पंजाब (कविता) | पॉल कौर |
| राजस्थानी | गांव अर अम्मा (कविता) | मुकुट मणिराज |
| संस्कृत | भास्करचरितम् (कविता) | दीपक कुमार शर्मा |
| संताली | सेचड सावंता रेन अंधा मनमी (नाटक) | महेश्वर सोरेन |
| सिंधी | पूर्जो (कहानी) | हूंदराज बलवाणी |
| तमिळ | तिरुनेलवेली एजुकियम वा. वू. सी. यम 1908 (शोध) | ए. आर. वेंकटचलपति |
| तेलुगु | दीपिका (साहित्यिक आलोचना) | पेनुगोंडा लक्ष्मीनारायण |

- **अन्य साहित्य अकादमी पुरस्कार:** बाल साहित्य पुरस्कार (बच्चों के साहित्य के लिये) और **युवा पुरस्कार ( 35** वर्ष से कम आयु के लेखकों की कृतियों के लिये ) ।
- **अन्य पहल:** अकादमी **ग्रामलोक** (दूरस्थ लेखकों के लिये) और **दलित चेतना** (दलित लेखकों के लिये) जैसे कार्यक्रम भी चलाती है।

**और पढ़ें:** साहित्य अकादमी पुरस्कार 2023

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sahitya-akademi-award-2024